**METRO NEWS**

**1st. NOVEMBER,2022**

**Free Press Bhopal**

# Metro stations to be connected with public transport facilities

## SOLAR PANELS TO BE INSTALLED ON ROOFTOPS

RAJAN RAIKWAR
city.bhopal@fpj.co.in



The Metro stations of city will be connected with public transport facilities. The end-to-end connectivity between Metro stations and public transport facility will help in reducing the carbon emission as people will avoid use of private vehicles and opt for public transport.

Moreover, solar panels will be installed on rooftops of metro stations. The installation of solar panels on metro stations will save the cost of electricity as solar energy is much cheaper. Moreover, Metro stations will also have Platform Screen Doors (PSD), which will open only when the Metro Train will arrive at the station.

The PSD system will prevent possibility of people jumping from the train. Metro stations are being built as per the parameters of Indian Green Building Council (IGBC).

Sources at Madhya Pradesh Metro Rail Corporation said issuance of National Common Mobility Card has also been proposed, which would be a multipurpose card. The card holder can use the card at Metro, public transport buses and even for shopping purpose.

Shobit Tandon, Executive Director for Corporate Coordination of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, said that plaza would be constructed at most Metro stations where space will be provided for public transport buses. Wherever there will be possibility, space for e-rickshaw and e-bike will be also provided. This will help in connecting Metro stations with public transport facilities. The metro stations will be also connected with Rani Kamlapati Railway Station.

In box

Multi model system

Managing Director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, Nikunj Shrivastava (IAS), said under Multi Model Integration System, Metro stations will be connected with railway station, bus stands. This will encourage people to use public transport to reach till Metro stations. The use of public transport system will reduce carbon emissions. The solar panel on metro stations is an additional feature.

THE FREE PRESS JOURNAL Tue, 01 November 2022
https://epaper.freepressjournal.in/c/70732752

**PATRIKA BHOPAL**

67वां स्थापना दिवस
पत्रिका patrika.com
भोपाल, मंगलवार, 01 नवंबर 2022



राजधानी में हो रहे विकास की गति को दर्शाता फोटो, जिसमें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और उसके सामने से निकलती निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन और राजधानी के सबसे बड़े फ्लायओवर का दृश्य। फोटो: रजत शर्मा

**मध्य प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहली बार 3डी तकनीक का होगा प्रदर्शन, एक साथ नजर आएगी देश की संस्कृति**

# 67 साल की जवां राजधानी

*__मध्यप्रदेश__ के चहुंमुखी विकास में राजधानी भोपाल सक्रिय सहभागी है। मेट्रो ट्रेन से लेकर एलिवेटेड फ्लाइओवर तक जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रतीक हैं वहीं भारत भवन और मानव संग्रहालय सभ्यता और संस्कृति के विकास की कहानी गढ़ रहे हैं। भोपाल के युवा भी हर क्षेत्र में यह नए प्रतिमान रच रहे हैं। कभी भोपाल एक कस्बे सरीखे था। आज यह देश की सबसे विकसित राजधानियों में शामिल है। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि हमारी राजधानी 67 ईयर्स ओल्ड यंग बॉय सरीखे दिखती है।*

## इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट

**मेट्रो ट्रेन के साथ एलिवेटेड फ्लायओवर**

### आगामी 50 साल के शहर विकास की पटकथा लिख रहा भोपाल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो के साथ अब शहर को एलिवेटेड फ्लाइओवर के विकल्प की ओर ले जाना चाहिए। हालांकि, इसकी शुरुआत हो चुकी है। कोलार सिक्स लेन के बाद जल्द ही नर्मदापुरम रोड को एलिवेटेड फ्लाइओवर की सौगात मिलेगी। शहर में विश्व स्तरीय स्टेशन रानी कमलापति बनकर तैयार है। भोपाल स्टेशन और शहर के अन्य रेलवे स्टेशन अब इसी का अनुसरण कर रहे हैं। शहर का सबसे लंबा ढाई किमी का ब्रिज



**राजेश चौरसिया,** स्ट्रक्चर इंजीनियर और सिटी प्लानर

गणेश मंदिर से लेकर एमपी नगर थाने, गायत्री मंदिर के पास उतरेगा। जब यह पूरा होगा शहर की रफ्तार को दोगुना करेगा। राजा भोज एयरपोर्ट पर बरसों पुराने टॉवर को तोड़कर नया और ज्यादा ऊंचाई का टॉवर बनने जा रहा है। इससे

**यातायात व्यवस्था को लगेंगे पंख, उद्योगों से युवाओं को मिलेंगे रोजगार**

एयरकनेक्टिविटी बढ़ेगी। यहां से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होंगी।

प्रोफेसर कॉलोनी में मंत्री बंगलों से लेकर नई कलेक्टोरेट का भवन बनाने से लेकर शहर में सात स्थानों पर नए फ्लाइओवर आकार लेंगे। जो भविष्य के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आसान करेंगे। अचारपुरा से लेकर बैरसिया रोड, अगरिया छापर में नए औद्योगिक क्लस्टर का उदय हो रहा है। इससे विकास के रास्ते खुलने के साथ ढेर सारे रोजगार भी पैदा होगा। 2023 तक राजधानी की आबादी 27.50 से ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में भविष्य के लिए तैयार की जा रही ट्रांसपोर्ट और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का होगा। चिकित्सा सेवा से राजधानी के लोगों का जीवन और आसान होगा। 67 साल की यह विकास यात्रा गौरवान्वित करने वाली है।

## स्वास्थ्य सुविधाएं

**हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई से बढ़ा मान**

### कभी शहर में सालाना ओपीडी एक लाख थी, आज 22 लाख के पार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** 1956 में गांधी मेडिकल कॉलेज के नाम से भोपाल का पहला मेडिकल कॉलेज खुला। अब एम्स और हमीदिया के अलावा 4 निजी मेडिकल कॉलेज भोपाल में चल रहे हैं। 1972 में शहर के अस्पतालों की सालाना ओपीडी करीब एक लाख थी। लेकिन, अब सिर्फ तीन बड़े अस्पतालों-हमीदिया, जेपी और एम्स में ही सालाना ओपीडी 22 लाख के ऊपर पहुंच गई है। ऐसे में बड़े हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है।



**डॉ.पंकज शुक्ला,** एनएचएम के पूर्व संचालक

अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर में लगातार इजाफा हो रहा है। साल 2022 में हमीदिया कि नई बिल्डिंग में सुल्तानिया जनाना अस्पताल शिफ्ट हुआ। 300 बेड के काटजू जच्चा-बच्चा अस्पताल की सौगात मिली। यह दोनों उच्च तकनीक से

**मल्टीस्पेशलिटी से सुपरस्पेशलिटी सुविधाएं भी उपलब्ध, स्पेशल कोर्स भी हुए शुरू**

लैस हैं। मशीन से लेकर बेड तक सब आधुनिक हैं। इसी साल हमीदिया में पहली सरकारी रोबोटिक सर्जरी हुई है। जिला अस्पताल में हेल्प डेस्क की सुविधा शुरू की गई। भोपाल के जीएमसी में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा देने की शुरूआत करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।

वहीं, हमीदिया के हड्डी विभाग के एचओडी डॉ. सुनीत टंडन कहते हैं आज स्पाइन सर्जरी से लेकर हड्डी से जुड़ी ऐसी कोई भी ऐसी सर्जरी नहीं है, जो भोपाल में न होती हो। यहां सभी तरह के सुपर स्पेशियलिटी कोर्स उपलब्ध हैं। आज दूसरे राज्यों के मेडिकल स्टूडेंट भोपाल यह कोर्स करने आ रहे हैं। एम्स में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के रिसर्च हो रहे हैं।

METRO NEWS
2nd NOVEMBER,2022

**Free Press Bhopal**
**ONLINE**

THE FREE PRESS JOURNAL
e-Paper Get App
HOME MUMBAI INDIA BUSINESS ENTERTAINMENT SPORTS VIRAL LIFESTYLE EDUCATION LEGAL BRANDSUTRA

# Bhopal: Metro stations to be connected with public transport

*Solar panels to be installed on rooftops*

Rajan Raikwar | **Updated:** Wednesday, November 02, 2022, 12:22 AM IST



Representative Image |

**Bhopal (Madhya Pradesh):** The Metro stations of city will be connected with public transport facilities. The end-to-end connectivity between Metro stations and public transport facility will help in reducing the carbon emission as people will avoid use of private vehicles and opt for public transport.

Moreover, solar panels will be installed on rooftops of metro stations. The installation of solar panels on metro stations will save the cost of electricity as solar energy is much cheaper. Moreover, Metro stations will also have Platform Screen Doors (PSD), which will open only when the Metro Train will arrive at the station.

The PSD system will prevent possibility of people jumping from the train. Metro stations are being built as per the parameters of Indian Green Building Council (IGBC).

Sources at Madhya Pradesh Metro Rail Corporation said issuance of National Common Mobility Card has also been proposed, which would be a multipurpose card. The card holder can use the card at Metro, public transport buses and even for shopping purpose.

Shobit Tandon, Executive Director for Corporate Coordination of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, said that plaza would be constructed at most Metro stations where space will be provided for public transport buses. Wherever there will be possibility, space for e-rickshaw and e-bike will be also provided. This will help in connecting Metro stations with public transport facilities. The metro stations will be also connected with Rani Kamlapati Railway Station.

### Multi model system

Managing Director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, Nikunj Shrivastava (IAS), said under Multi Model Integration System, Metro stations will be connected with railway station, bus stands. This will encourage people to use public transport to reach till Metro stations. The use of public transport system will reduce carbon emissions. The solar panel on metro stations is an additional feature.

Bhopal: Metro stations to be connected with public transport (freepressjournal.in)

**METRO NEWS**
**3rd. NOVEMBER,2022**

**Dainik Jagran**

**Bhopal**

भोपाल, 03 नवम्बर 2022
www.djmp.in/epaper
राजधानी

# मेट्रो के आठ स्टेशन की नींव तैयार, डिपो की 35 फीसदी बनी

## मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने की समीक्षा



जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। राजधानी में अगले साल सितंबर मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियों तेजी से चल रही हैं। मौजूदा स्थिति में सुभाष नगर से एम्स तक करीब पौने सात किमी लंबे एलिवेटेड रूट का सिविल वर्क पूरा हो चुका है। मेट्रो के आठ स्टेशन की नींव तैयार हो चुकी है। साथ ही डिपो की नींव का 35 प्रतिशत कार्य हो चुका है।

मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी निकुंज कुमार श्रीवास्तव को बुधवार को समीक्षा के दौरान अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान मेट्रो के परियोजना निदेशक अजय शर्मा, आतरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक वाईसी शर्मा और जनरल कंसलटेंट भी मौजूद रहे।

**सुभाष नगर स्टेशन के 10 पीयर आर्म तैयार:** बैठक में बताया गया कि सुभाष नगर स्टेशन के 10 पीयर आर्म (कॉनकॉर्स लेवल तक) तैयार हो चुके हैं। बाकी स्टेशन का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। वहीं स्टड फार्म की जमीन के पास बन रहे मेट्रो के डिपो की प्रगति की जानकारी भी एमडी ने ली। उन्होंने कॉन्ट्रेक्टर को मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि तय समय में पूरा हो सके।

**पांच स्टेशन रहेंगे, सेंट्रल स्कूल के पास तेजी से चल रहा काम:** प्रायोरिटी कॉरीडोर यानि सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो की शुरुआत की जाना है। इस रूट पर पांच मेट्रो स्टेशन रहेंगे। ये सुभाष नगर, सेंट्रल स्कूल के पास, बोर्ड ऑफिस के पास, सरगम टॉकीज के सामने और रानी कमलापति स्टेशन के सामने बनाए जा रहे हैं। यूआरसी कंपनी इसका निर्माण कर रही है। सेंट्रल स्कूल के पास मेट्रो स्टेशन का काम काफी तेजी से चल रहा है। वहीं स्टड फार्म और आसपास की करीब 80 एकड़ जमीन पर डिपो का निर्माण किया जा रहा है। यहां न केवल मेट्रो रेल पार्क होंगी बल्कि उनका मेंटेनेंस भी होगा। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसर अगले साल सितंबर के पहले इसे तैयार करने का टारगेट लेकर चल रहे हैं।

05

**Patrika Bhopal**

मेट्रो प्रोजेक्ट

# नींव का काम पूरा, डिपो का काम 35 फीसदी हुआ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल**. मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई के प्रियोरिटी कॉरीडोर में नींव का काम पूरा हो चुका है। आठ रेलवे स्टेशन बनने हैं, उनमें भ जमीनी काम लगभग पूरा हो चुक है। सुभाष नगर रेलवे स्टेशन अब सड़क के स्तर पर नजर आने लग है। इसके 10 पीयर आर्म कानकॉस यानि जमीन की सतह तक बन गए यहीं पर स्टड फार्म की जगह डिपं का काम भी 35 फीसदी तक हं चुका है। अक्टूबर 2022 तक की प्रगति पर समीक्षा की गई। एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने सुभाष नग डिपो में चल रहे निर्माण कार्यों कं लेकर अधिकारियों से प्रगति के बां में विस्तार से चर्चा की। ठेकेदार कं निर्देश दिया कि लेबर की संख्य और बढ़ाएं। निर्माण में तेजी लाने के लिए कहा। इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के निदेशक परियोजना अजय शर्मा, अतिरिक्त निदेशक तकनीकी शोभित टंडन, महाप्रबंधक वाईसी शर्मा व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**Free Press Bhopal**

# Bhopal Metro work progress reviewed

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

Managing Director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited, Nikunj Shrivastava, held discussion with officers, general consultants, contractor regarding the construction works of Bhopal Metro on Wednesday.

He assessed the Bhopal priority corridor project. It was informed that pile foundation was completed in cent percent manner. Civil works of project are underway of progress. Shrivastava also have parley regarding construction work undergoing in Subhash Nagar Depot. At Subash Nagar Depot, around 35 percent piles work has been completed.

THE FREE PRESS JOURNAL Thu, 03 November 2022 https://epaper.freepressjourn

**Hari Bhoomi**
**Bhopal**

# सुभाष नगर डिपो में पिलर डालने एक महीने में खोदे 9 फीसदी गड्ढे



भोपाल। सुभाष नगर मेट्रो डिपो के लिए चल रहे काम में निर्माण एजेंसी ने एक माह में पिलर डालने के लिए नौ प्रतिशत पाइल (गड्ढे) खोदने का काम किया है। यह बात बुधवार को मेट्रो के प्रबंध संचालक निकुंज कुमार श्रीवास्तव की मेट्रो के अधिकारियों, सलाहकार और कांट्रेक्टर के साथ बैठक में सामने आई। इसके पहले अधिकारियों द्वारा सौंपी रिपोर्ट में बताया गया था कि सितंबर माह में सुभाष नगर मेट्रो डिपो के पाइल का 26 प्रतिशत काम पूरा हुआ था। वहीं अक्टूबर की नई रिपोर्ट में काम में नौ प्रतिशत की प्रगति हुई है। एम्स से सुभाष नगर के बीच 6.225 किमी लंबाई के मेट्रो वायडक्ट की पाइल फाउंडेशन का 100 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

**METRO NEWS**
**6th NOVEMBER,2022**

**Patrika**
**Bhopal**

पत्रिका SUND
य एषु सुप्तेषु जागर्ति | भोपाल, रविवार, 06 नवंबर, 2022 | वर्ष 15 | अंक 16
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित
पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

### मेट्रो और पीडब्ल्यूडी में बैठाया तालमेल : मंत्री सारंग ने निरीक्षण कर समस्या का किया निदान

# प्रभात चौराहे का फ्लाईओवर अब थ्री टियर सिस्टम पर

## जाम की समस्या से मिलेगी निजात

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रभात चौराहे का प्रस्तावित फ्लाईओवर अब थ्री टियर सिस्टम पर बनाया जाएगा। फ्लाइओवर का निर्माण एक ही एलाइनमेंट में एलिवेटेड डिजाइन के माध्यम से होगा। इसमें सबसे नीचे सुभाष नगर फ्लाईओवर से स्टेशन जाने वाला यातायात निकलेगा। बीच में पुल बोगदा से रायसेन जाने वाला रास्ता होगा और सबसे ऊपर मेट्रो ट्रेन की लाइन होगी।

इसेलेकर शनिवार को मंत्री विश्वास सारंग ने मेट्रो व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर फ्लाईओवर और मेट्रो लाइन को लेकर आ रही दिक्कतों को दूर किया।

मंत्री सारंग ने बताया, प्रभात चौराहे पर भारी यातायात को देखते हुए फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। यहां से मेट्रो लाइन का रूट नंबर- 2 भी निकल रहा है। इसे लेकर दोनों विभागों में कुछ दिक्कते थीं, इसलिए दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया और दोनों के बीच तालमेल बैठाया है। यह फ्लाईओवर प्रभात चौराहे पर पुल बोगदा की ओर से अप्सरा टॉकीज तक बनाया जाएगा। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला फ्लाईओवर 750 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा होगा।



मेट्रो रेल और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से चर्चा करते मंत्री विश्वास सारंग।

| | |
|---|---|
| **35** करोड़ रुपये की लागत | **05** लाख से अधिक लोगों को लाभ |
| **750** मीटर लंबा | **15** मीटर चौड़ा होगा |

### यह होगा फायदा

प्रभात चौराहा शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में गिना जाता है। इस फ्लाईओवर से प्रभात चौराहे व रायसेन रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। यहां से गुजरने वाले लोगों को भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचने में बाधा बनने वाली जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उन्हें समय पर स्टेशन पहुंचने में मदद मिलेगी। निर्माण शुरू होने के बाद यह डेढ़ साल में बनकर तैयार होगा।

**Dainik Bhaskar**
**Bhopal**

दैनिक भास्कर भोपाल 06-11-2022

संडे सिटी भोपाल

रविवार
06.11.2022
dainikbhaskar.com

**ऐसे दौड़ेगा शहर** • मेट्रो के रूट पर प्रस्तावित शहर के सभी फ्लाईओवर मेट्रो और पीडब्ल्यूडी मिलकर डिजाइन करेंगे

# बैरागढ़ के बाद प्रभात चौराहे पर बनेगा 700 मी. लंबा डबल डेकर ब्रिज; ऊपर चलेगी मेट्रो, नीचे गाड़ियां

## दोनों एजेंसियों में बनी सहमति, निरीक्षण करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

बैरागढ़ में 3 किमी और प्रभात चौराहा पर 700 मीटर लंबा डबल डेकर ब्रिज बनेगा। नागपुर की तर्ज पर बनने वाले इन दोनों डबल डेकर ब्रिज के लिए पीडब्ल्यूडी और मेट्रो रेल कंपनी के बीच सहमति हो गई है। प्रभात चौराहा पर डबल डेकर ब्रिज बनने की बात पहली बार सामने आई है। इन दोनों ही जगह से पीक ऑवर में 10 हजार वाहन गुजरते हैं।

दोनों एजेंसियों ने सैद्धांतिक रूप से यह तय किया है कि मेट्रो के प्रस्तावित रूट पर पीडब्ल्यूडी ने जिन चौराहों पर ग्रेड सेपरेटर, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रोड प्रस्तावित किए हैं उनके डिजाइन दोनों मिलकर बनाएंगे। पीडब्ल्यूडी अपने हिस्से का काम करके स्ट्रक्चर को ऐसी स्थिति में छोड़ेगा जिस पर मेट्रो कंपनी आगे काम कर सके। इसके पहले मेट्रो ने पीडब्ल्यूडी के सभी प्रोजेक्ट पर ब्रेक लगा दिया था। कहा गया था कि मेट्रो के काम करने के बाद पीडब्ल्यूडी के ब्रिज आदि पर विचार हो।

बैरागढ़ के डबल डेकर ब्रिज के निर्माण पर लगभग 221 करोड़ रुपए खर्च होंगे और यह प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज होगा। प्रभात चौराहे के डबल डेकर ब्रिज की डिजाइन अभी तैयार होना है, लेकिन अनुमान लगाया गया है कि इस पर लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मेट्रो और पीडब्ल्यूडी अफसरों ने शनिवार को जनप्रतिनिधियों के साथ दोनों स्थानों का दौरा किया।



इस डिजाइन को मिली मंजूरी।

**221** करोड़ रुपए खर्च होंगे बैरागढ़ के डबल डेकर ब्रिज के निर्माण पर। यह प्रदेश का पहला डबल डेकर ब्रिज होगा।

### सारंग ने कहा- रूट नंबर 2 और 4 को भी यहां से जोड़ें

निरीक्षण के दौरान मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मेट्रो के रूट नंबर 2 और 4 दोनों को यहां से जोड़ें। डबल डेकर फ्लाईओवर में सबसे नीचे से सुभाष नगर से स्टेशन की ओर जाने वाला ट्रैफिक निकलेगा। बीच में पुल बोगदा से रायसेन की ओर जाने वाला ट्रैफिक निकलेगा और सबसे ऊपर मेट्रो चलेगी।

### रामेश्वर बोले- डबल डेकर के अलावा कोई और विकल्प नहीं

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि बैरागढ़ में जगह की कमी है। यदि पहले फ्लाईओवर और उसके बाद मेट्रो का रूट बनाते तो सड़क पर जगह ही नहीं बचती। इसलिए डबल डेकर के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा यहां अब पार्किंग और अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए जगह मिल सकेगी।

10

**Raj Express**
**Bhopal**

# प्रभात चौराहे का फ्लाईओवर बनेगा थ्री टियर सिस्टम पर

## मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रभात चौराहे का किया निरीक्षण



**मेट्रो रूट 2 को रूट 4 से यहीं पर जोड़ने के भी निर्देश दिए**

**भोपाल (आरएनएन)।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को प्रभात चौराहे का मेट्रो व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर फ्लाईओवर और मेट्रो की लाइन को लेकर आ रही दिक्कतों को दूर कर दोनों विभागों में तालमेल बैठाया। साथ ही महानगरों की तर्ज पर थ्री टियर सिस्टम बनाने सुझाव दिया । श्री सारंग ने बताया कि प्रभात चौराहे पर भारी यातायात को देखते हुए फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं से मेट्रो लाइन का रूट नम्बर 2 भी निकल रहा है। इसको लेकर दोनों विभागों में कुछ दिक्कते थीं। इसलिए दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया और दोनों के बीच तालमेल बैठाया है। मंत्री सारंग ने कहा कि एक ही अलाइनमेंट में एलिवेटेड डिजाइन के माध्यम से फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा और यह फ्लाईओवर थ्री टियर सिस्टम पर बनाया जाएगा। जिसमें सबसे नीचे सुभाष नगर फ्लाईओवर से स्टेशन जाने वाला यातायात निकलेगा बीच में बोगदा पुल से रायसेन जाने वाला यातायात निकलेगा और सबसे ऊपर मेट्रो की लाइन निकलेगी। श्री सारंग ने बताया कि उन्होंने मेट्रो के जीएम को रूट 2 को रूट 4 से यहीं पर जोड़ने के भी निर्देश दिए हैं।

**Dainik Jagran**
**Bhopal**

एंकर स्टोरी

### मंत्री सारंग ने निरीक्षण के दौरान दिया सुझाव

# प्रभात चौराहा पर फ्लाय ओवर के ऊपर होगा मेट्रो रूट एक ही एलाइनमेंट में तीन रास्तों से गुजरेगा ट्रेफिक



जागरण प्रतिनिधि, **भोपाल।** नागपुर समेत अन्य महानगरों की तर्ज पर प्रभात चौराहा पर थ्री टियर फ्लाय ओवर बनाया जाएगा। यानि इसके नीचे से सड़क पर वाहनों की आवाजाही होगी। ऊपर फ्लाय ओवर से वाहन निकलेंगे। सबसे ऊपर मेट्रो का रूट होगा। ऐसे में एक ही एलाइनमेंट तीन रास्तों से वाहनों व मेट्रो का आवागमन हो सकेगा।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को प्रभात चौराहा पर निरीक्षण के दौरान मेट्रो व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को यह सुझाव दिया। दरअसल, प्रभात चौराहा से रत्नागिरी पेट्रोल पंप तक एलिवेटेड रूट बनाया जाना है। इसी एलाइनमेंट में रत्नागिरी से डिपो चौराहा तक का मेट्रो रूट प्रस्तावित है। इसको लेकर पीडब्ल्यूडी और मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को दिक्कत आ रही थी। इसका निपटारा करने के लिए दोनों एजेंसियों से अफसर संयुक्त मौका मुआयना कर रहे थे।

**बैरागढ़ में पहले से ही डबल डेकर फ्लाय ओवर का प्रोजेक्ट:** बैरागढ़ में लाऊखेड़ी विसर्जन घाट से डबल डेकर फ्लाय ओवर के प्रोजेक्ट पर पीडब्ल्यूडी पहले से ही काम कर रहा है। इसमें भी फ्लाय ओवर और इसके ऊपर मेट्रो रूट रहेगा। फ्लाय ओवर से नीचे से सड़क से वाहनों की आवाजाही होगी। पीडब्ल्यूडी मेट्रो रूट के लिए पिलर बना कर देगा। इस प्रोजेक्ट का भी पीडब्ल्यूडी और मेट्रो कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने शनिवार को बैरागढ़ जाकर संयुक्त निरीक्षण किया।

## ऐसी होगी ट्रेफिक की आवाजाही

मंत्री सारंग ने कहा कि एक ही अलाइनमेंट में एलिवेटेड डिजाइन के माध्यम से फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। यह थ्री टियर सिस्टम पर बनाया जाएगा। इसमें सबसे नीचे सुभाष नगर फ्लाईओवर से स्टेशन जाने वाला यातायात निकलेगा। बीच में बोगदा पुल से रायसेन जाने वाले वाहनों की आवाजाही होगी। सबसे ऊपर मेट्रो की लाइन रहेगी। मंत्री ने बताया कि उन्होंने मेट्रो कॉर्पोरेशन के जीएम को रूट 2 को रूट 4 से यहीं पर जोड़ने के भी निर्देश दिये हैं। निरीक्षण में मेट्रो और पीडब्ल्यूडी ब्रिज के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**Dainik Bhaskar Bhopal**

दैनिक भास्कर

भोपाल 07-11-2022

# मेट्रो प्रोजेक्ट... अब 10 नवंबर तक एमपी नगर से सुभाष नगर तक बदला रहेगा रूट

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिपोर्टर | भोपाल

अरेरा हिल्स स्थित केंद्रीय विद्यालय- 1 के पास मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इससे प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा के बीच एक तरफ की सड़क बंद की जा रही है। एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। मेट्रो कंपनी की सूचना पर इस सड़क का ट्रैफिक, पुलिस ने 10 नवंबर तक डायवर्ट किया है। जनवरी से अब तक मेट्रो कंपनी ने निर्माण कार्य के कारण नवीं बार डायवर्सन प्लान तैयार करवाया है। सभी डायवर्सन सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच ही किए गए हैं।

## प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा

एसबीआई बैंक तिराहे तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। हल्के दो-चार पहिया वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, निर्माण सदन, भू-जल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आ-जा सकेंगे। भारी और मध्यम वाहन सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने के लिए सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस, बीएसएनएल, प्रेस कॉम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन करेंगे।

**Nai Dunia Bhopal Online**

नईदुनिया शहर चुनें EP

ताजा खबरें बड़ी ख़बरें कोरोना वायरस मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ देश विदेश धर्म राशिफल मैगजीन मनोरं

# Bhopal Metro Train Project : प्रेस काम्प्लेक्स से एसबीआइ बैंक तिराहा तक मार्ग 10 नवंबर तक रहेंगे परिवर्तित

Bhopal Metro Train Project: एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने जाने वाले ट्रैफिक को मेट्रो रेल स्टेशन के फाउण्डेशन निर्माण हेतु रविवार से परवर्तित किया गया है। मार्ग परिवर्तन 10 नवंबर तक जारी रहेगा।ट्रैफिक थाने से मिली जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था इस तरह रहेगी।




**Bhopal Metro Train Project: भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में केंद्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा से एसबीआइ बैंक तिराहा तक मार्ग बंद किया गया है। एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने जाने वाले ट्रैफिक को मेट्रो रेल स्टेशन के फाउण्डेशन निर्माण हेतु रविवार से परवर्तित किया गया है। मार्ग परिवर्तन 10 नवंबर तक जारी रहेगा।ट्रैफिक थाने से मिली जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था इस तरह रहेगी।

– प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा से इन्कमटैक्स तिराहा/एसबीआइ बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

– हल्के वाहन/दोपहिया/चार पहिया वाहन- सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स आफिस तिराहा, आरबीआइ बैंक, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

– एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस काम्प्लेक्स, बीएसएनएल आफिस, भूजल भवन, निर्माण सदन, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, आरबीआइ बैंक, इन्कम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

–भारी व मध्यम वाहन/सभी बसें- सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स आफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू आफिस, बीएसएनएल आफिस, प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

–इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा, बीएसएनएल आफिस, ईओडब्ल्यू आफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, इन्कम टैक्स आफिस तिराहा, सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यातायात के नियमों का पालन करें एवं परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन फोन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क करें।

Posted By: **Lalit Katariya**

Bhopal Metro Train Project : प्रेस काम्प्लेक्स से एसबीआइ बैंक तिराहा तक मार्ग 10 नवंबर तक रहेंगे परिवर्तित - Bhopal Metro Train Project Route from Press Complex to SBI Bank Tiraha will be changed till November 10 (naidunia.com)

**Dainik Jagran Bhopal**

# प्रेस काम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक 10 तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

## केंद्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते परिवर्तित रहेगा यातायात

**भोपाल हसं।** केंद्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते प्रेस काम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक रोड़ बंद कर ट्रैफिक को एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने जाने वाले ट्रैफिक को मेट्रो रेल स्टेशन के फाउंडेशन निर्माण के लिए डायवर्सन किया जाना आवश्यक है। जिसकी सूचना निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को दी गई हैं। सुरक्षित यातायात के लिहाज से निर्माण कार्य के दौरान दिनांक 6 नवंबर से 10 नवंबर तक यातायात डायवर्सन प्लान निम्नानुसार रहेगा। ■ प्रेस काम्पलेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा/एसबीआई बैंक तिराहा तक आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। ■ हल्के वाहन/दोपहिया/चार पहिया सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स आफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस काम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। ■ इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस काम्पलेक्स, बीएसएनएल आफिस, भूजल भवन, निर्माण सदन, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, आरबीआई बैंक, इन्कम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। ■ इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस काम्पलेक्स तिराहा, बीएसएनएल आफिस, ईओडब्ल्यू आफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, इन्कम टैक्स आफिस तिराहा, सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। आम जनता से अनुरोध है कि यातायात के नियमों का पालन करें। परिवतिज्त मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

**Dainik Patrika Bhopal**

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की पांच ठेका एजेंसियां को देनी होगी प्रगति रिपोर्ट

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की गति बढ़ाने अब हर तीन दिन में प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मेट्रो प्रोजेक्ट के काम में लगी पांच एजेंसियों को इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है। मासिक रिपोर्ट खुद एमडी निकुंज श्रीवास्तव पहले से ही ले रहे हैं। गौरतलब है कि दिसंबर 2023 तक प्रोजेक्ट पूरा करना है। सरकार ने ट्रेन संचालित करने 2023 के आखिरी माह की तारीख तय कर रखी है। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के पिलर्स - स्लैब के साथ स्टेशन व अन्य काम पूरा करने पांच ठेका एजेंसियों को जिम्मे किया हुआ है। एम्स से सुभाष नगर तक आठ मेट्रो स्टेशन का काम अब नजर आने लगा है। गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो इसके लिए सघन निगरानी होगी।

**Patrika Bhopal**

## अब बचा है आठ मेट्रो स्टेशनों का काम

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: 326 दिन में कर सकेंगे मेट्रो ट्रेन की यात्रा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** राजधानी में मेट्रो के लिए 326 दिन बाकी हैं। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने काउंटडाउन शुरू कर दिया है। मेट्रो ट्रेन का परिचालन सितंबर 2023 में शुरू करना है। इसके लिए ही काउंटडाउन शुरू किया गया है। भोपाल मेट्रो में वाया डक्ट यानी पिलर्स व स्लैब का काम अब पूरा हो चुका है। अब मुख्यतौर पर मेट्रो के आठ स्टेशनों का काम है, जिन्हें अप्रेल 2023 की समय सीमा दी है। अप्रेल से ही रेलवे ट्रैक और सिग्नलिंग का काम शुरू होगा। एम्स से सुभाषब्रिज तक 6.22 किमी लंबे प्रियोरिटी कॉरीडोर में 90 फीसदी टेंडरिंग का काम पूरा हो गया।



## अब 1500 मजदूर रोजाना करेंगे काम

**मेट्रो ट्रेन** कॉरपोरेशन एमडी निकुंज श्रीवास्तव के निर्देश के बाद काम की गति को दोगुना कर दिया है। इसके लिए मजदूरों की संख्या भी दोगुना कर दी है। इस समय ठेका एजेंसियों के करीब 1500 मजदूर रोजाना काम कर रहे हैं। मशीनरी भी बढ़ाई गई है।

**METRO NEWS**
**10th NOVEMBER,2022**

**Dainik Patrika**
**Bhopal**

माल सिंह भायड़िया ने संभागायुक्त का कार्यभार संभाला

# स्वास्थ्य सेवाएं, मेट्रो और राजस्व कार्यों को देंगे पहली प्राथमिकता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** नवागत संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया ने बुधवार को भोपाल संभाग के संभागायुक्त के रूप में प्रभार संभाला है। वे 2006 बैच के आइएएस अफसर हैं। इनकी प्राथमिकता में सरकार की तरफ से चलाई जा रहीं योजनाओं के साथ जनता से जुड़े कार्य, स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना, मेट्रो, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग, जल जीवन मिशन, राशन के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं का क्रियान्वयन, राजस्व से जुड़े कार्य पहली प्राथमिकता में हैं। इसके अलावा संभाग में आम आदमी से लेकर किसानों व ग्रामीणों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक समय से पहुंचे ये भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

बुधवार को पदभार संभालने के साथ उन्होंने अधीनस्थों के साथ मुलाकात की और जरूरी कार्य भी निपटाए हैं। अगले कुछ दिनों में वे अफसरों से विभागवार बैठकें भी करेंगे। भोपाल संभागायुक्त बनने से पहले वे नर्मदापुरम संभाग के संभागायुक्त थे। वे उज्जैन संभाग में अपर आयुक्त भी रह चुके हैं।



## अफसरों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

पहले ही दिन उन्होंने समीक्षा करते हुए अफसरों को निर्देश दिए कि उल्लेखनीय कार्यों का प्रचार-प्रसार करें तथा नवाचार करें। सीएम हेल्पलाइन में हितग्राहीमूलक योजनाओं का सौ फीसदी निराकरण करें। लोक सेवा गारंटी योजना में लोगों को लाभ मिले। प्रमुख योजनाओं की समीक्षा और मानीटरिंग का एक सप्ताह में प्लान बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। संभाग के लोक सेवा केन्द्रों का एसडीएम के माध्यम से निरीक्षण कराने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य योजनाओं, नगरीय प्रशासन, जनजातीय कार्य विभाग, श्रम आदि की भी समीक्षा की गई।

Nai Dunia
Bhopal



# Bhopal News: पुल बोगदा पर बनेगा मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन

यात्रियों को दूसरे रूट की मेट्रो पकड़ने में होगी आसानी। इंटरचेंज स्टेशन में आने वाली ट्रेन की समय सारणी इस प्रकार निर्धारित की जाएगी, जिससे दोनों रूट पर निकलने वाले मेट्रो के समय में अधिक अंतर ना हो। जिससे यात्रियों को भी अधिक देर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

Publish Date: | Fri, 11 Nov 2022 08:25 AM (IST)




**भोपाल, नवदुनिया प्रतिनिधि।** राजधानी में मेट्रो परियोजना के तहत एम्स से करोंद तक पर्पल लाइन और रत्नागिरी तिराहे से भदभदा तक रेड लाइन बिछाई जाना है। इन दोनों रूट को एक स्थान पर जोड़ने के लिए पुल बोगदा पर मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन या जंक्शन बनाया जाएगा। इससे रायसेन रोड के जाने वाले लोगों को नर्मदापुरम रोड तक जाने और पुराने शहर से रायसेन रोड या भदभदा की ओर जाने के लिए अलग- अलग टिकट नहीं खरीदनी पड़ेगी। वहीं यात्री बिना स्टेशन से नीचे उतरे मेट्रो बदल सकेंगे। इससे उनके समय की बचत होगी। साथ ही ऐसा करने से मेट्रो कंपनी का खर्च भी बचेगा।

बता दें कि अभी भोपाल मेट्रो के प्रायरिटी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सात किमी के इस कारिडोर का सिविल वर्क 95 प्रतिशत पूरा हो गया है। यह पर्पल कारिडोर होगा, जो एम्स से करोंद चौराहे तक जाएगा। इसकी पूरी लंबाई 16.8 किलोमीटर की होगी। वहीं भेल के रत्नागिरी तिराहे से भदभदा चौराहे तक 14.2 किलोमीटर की रेड लाइन बिछाई जाएगी। ये दोनों लाइन पुल बोगदा के पास एक दूसरे को क्रास करेंगी। इसलिए यहां पर मेट्रो का इंटरचेंज स्टेशन बनाया जाएगा। इससे भेल और भदभदा क्षेत्र के रहवासियों को पुराने भोपाल और नर्मदापुरम रोड की कालोनियों में जाने के लिए स्टेशन नहीं बदलना पड़ेगा। बल्कि इसी इंटरचेंज स्टेशन से यात्रियों को दूसरे रूट की ट्रेन मिल जाएगी।

मेट्रो का एक स्टेशन बनाने में 50 करोड़ रुपये से अधिक खर्च आता है। यदि दो स्टेशन बनते हैं, तो यह खर्च दोगुना होता है। लेकिन यह इंटरचेंज स्टेशन बनाने से दो स्टेशन बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जिससे मेट्रो कंपनी के धन की बचत भी होगी।

**मेट्रो के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार**

इंटरचेंज स्टेशन में आने वाली ट्रेन की समय सारणी इस प्रकार निर्धारित की जाएगी, जिससे दोनों रुट पर निकलने वाले मेट्रो के समय में अधिक अंतर ना हो। जिससे यात्रियों को भी अधिक देर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्री एक प्लेटफार्म से ऊपर चढ़कर दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंच जाएगा।

**आवाजाही अधिक होने से बढ़ेगा राजस्व**

यहां से दो रुट निकलने से मेट्रो स्टेशन में अधिक आवाजाही होगी। जिससे यहां मेट्रो कंपनी यहां व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण भी करेगी। इनकी दुकान और अन्य कामर्शियल स्पेश के किराए से कंपनी को अतिरिक्त आय भी होगी।

पुल बोगदा पर भोपाल मेट्रो का पहला इंटर एक्सचेंज स्टेशन बनाया जाएगा। इससे यात्रियों के समय की बचत होगी। उन्हें दूसरी रुट में जाने के लिए स्टेशन नहीं बदलना पड़ेगा।


**Dainik Patrika**
**Bhopal**

मेट्रो प्रोजेक्ट की कुल लागत 6941.4 करोड़, एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 वाया डक्ट का काम पूरा होने के बाद अब आठ स्टेशनों के निर्माण पर जोर

# प्रियोरिटी कॉरिडोर पर 360 करोड़ खर्च, रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग का काम दिसंबर से होगा शुरू

पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट पर अब तक 360 करोड़ रुपए की राशि खर्च हो चुकी है। 6941.4 करोड़ रुपए कुल बजट तय किया गया है। प्रोजेक्ट की मॉनीटरिंग प्रदेश सरकार के साथ पीएमजी व केंद्र सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर व प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग डिवीजन कर रहा है। प्रोजेक्ट में नई बात ये है कि इसके रोलिग स्टॉक और सिग्नलिंग के लिए एजेंसियां तय कर दी हैं। ये अगले माह से काम शुरू कर देंगी। एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.225 वाया डक्ट का काम पूरा होने के बाद अब आठ स्टेशनों के निर्माण पर जोर है। हालांकि नए एमडी मनीष सिंह अब स्टेशन, डिपो के साथ वाया डक्ट पर पटरी, सिग्नलिंग समेत रोलिंग स्टॉक की समय पर आपूर्ति और अन्य कामों को भी समान प्राथमिकता से पूरा करने की बात कह रहे हैं।

## अभी ये स्थिति है प्रोजेक्ट की



**प्रियोरिटी कॉरिडोर** के आठ स्टेशनों के निर्माण के लिए कार्यादेश कर दिया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। भोपाल डिपो सिविल और ई एंड एम वर्क्स का कार्यादेश जारी किया गया है। निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**विद्युत आपूर्ति** व लाइन के लिए प्राप्त निविदाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

**रोलिंग स्टॉक** और सिग्नलिंग और दूरसंचार की प्रणाली की निविदाओं के कार्यादेश जारी हो चुके हैं।

**विभिन्न ट्रैक** सामग्री की आपूर्ति के लिए तीन पैकेजों तथा इंस्टालेशन पैकेज के लिए निविदाएं आमंत्रित कर ली गयी हैं।

**लिफ्ट और** एस्केलेटर के लिए भी एजेंसियां तय कर दी गई हैं।

*ये आशंका भी..*

## काम में हो सकती है 27 महीने की देरी

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट निर्माण की गति बढ़ाने के दावों और स्थितियों के बीच मॉनीटरिंग एजेंसियां काम पूरा होने में देरी की स्थिति का अनुमान भी लगा रही हैं। केंद्रीय मॉनीटरिंग एजेंसी के अनुसार प्रोजेक्ट का काम फरवरी 2023 में ही पूरा होना था, लेकिन ये मई 2025 तक पूरा हो पाएगा। यानी 27 माह लेट। हालांकि शासन ने काम पूरा करने सितंबर 2023 का समय तय किया है और इसके अनुसार ही काम को बढ़ाया जा रहा है।

**METRO NEWS**
**17th NOVEMBER,2022**

**Swadesh**
**Bhopal**

Swadesh, Bhopal
17.11.2022

### एमपीएमआरसीएल की साइट पर मेट्रो चलने के बचे 316 दिन

# डीबी मॉल के सामने मेट्रो स्टेशन दिसंबर अंत तक बनकर होगा तैयार

स्वदेश संवाददाता, भोपाल

राजधानी का पहला मेट्रो स्टेशन जल्द ही बनकर तैयार होगा। इसके लिए काम तेजी से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट पर चल रहे काउंट डाउन के हिसाब से अगले माह के अंत तक इस स्टेशन का कामकाज पूरा हो जाएगा।

इससे पहले एमपीएमआरसीएल ने जून माह में मेट्रो परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रदर्शित की थी जिसके हिसाब से एम्स से सुभाष फाटक तक करीब 7 किमी लंबे रूट पर आठ स्टेशन बनने हैं। इनमें सबसे पहला स्टेशन डीबी मॉल के सामने बन रहा है। बीते साल सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आठ स्टेशन बनाने के साथ-साथ डिपो के निर्माण के लिए प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया था। इस पर करीब 421 करोड़ की राशि खर्च होगी। पहले फेज में भोपाल में 8 स्टेशन बनाए जाने हैं। बता दें इंदौर और भोपाल के मेट्रो प्रोजेक्ट्स की शुरूआत 2018 में तत्कालीन सीएम कमलनाथ की अगुवाई में हुई थी। अगस्त 2023 तक भोपाल प्रोजेक्ट पूरा करने का टारगेट रखा है। भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट पर 6 हजार 941 करोड़ खर्च होंगे। इन स्टेशन निर्माण के बाद जब मेट्रो दौड़ेगी तो यह देश के पहले वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन को भोपाल मेट्रो से सीधे जुड़ जाएगा। स्टेशन के ठीक सामने मेट्रो की लाइन रहेगी। पिलर का काम करीब-करीब पूरा हो गया है। ऊपर के स्लैब लगते ही रानी कमलापति स्टेशन से मेट्रो कनेक्ट हो जाएगी। इस सात किमी लंबे रूट पर करीब 220 एलीवेटेड पोल हैं।



## दस पोल पर बनकर तैयार होगा पहला स्टेशन

डीबी मॉल के सामने बन रहे स्टेशन काम तेजी से चल रहा है। इसके निर्माण में आ रहे बिजली कंपनी के पोल हटाने के बाद काम में तेजी आई है। लिहाजा इसके बेसिक काम दिसंबर तक तक पूरा होने के आसार है। यह स्टेशन 100 मीटर लंबे और 14 मीटर चौड़े होंगे। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और डीबी सिटी पर फुटओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। सुभाष नगर ओवरब्रिज के पास डिपो बनेगा। यहां 4 मेट्रो खड़ी हो सकेंगी। इसके लिए आजाद नगर से अतिक्रमण हटाने के बाद यहां के लोगों को अन्यत्र विस्थापित किया गया है।

## भोपाल में पहले चरण में 8 स्टेशन बनेंगे

एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक आठ स्टेशन बनेंगे। इनमें एम्स, अलकापुरी, डीआरएम आफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, डीबी सिटी, एमपी नगर जोन-1, आयकर भवन और सुभाष नगर अंडरब्रिज शामिल हैं। दो साल में यह सभी स्टेशन बन जाएंगे।

**Patika**
**Bhopal**

## मेट्रो के पीयर्स का 100 फीसद काम पूरा

# 7 हजार करोड़ से सालभर में बदलेगा सफर का अंदाज




राजधानी भोपाल का तेजी से विकास हो रहा है। मेट्रो ट्रेन से लेकर स्मार्ट सिटी तक की कई परियोजनाएं शहर के विकास को चार चांद लगा रही हैं। नए साल में शहरवासियों को मेट्रो ट्रेन का लुत्फ उठाने को मिलेगा।

**27.6 किमी की दो लाइनें**



## पहले चरण में 02 लाइन

- लाइन दो पर्पल लाइन- करोंद चौराहा से एम्स तक। इसमें एम्स से अल्कापुरी, हबीबगंज नाका, कमलापति रेलवे स्टेशन, एमपी नगर जोन एक, बोर्ड ऑफिस चौराहा, केंद्रीय विद्यालय, सुभाष नगर, ऐशबाग, भोपाल रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी से करोद चौराहा तक।
- सितंबर 2019 में प्रियोरिटी कॉरीडोर का भूमिपूजन हुआ
- सितंबर 2023 तक काम पूरा होगा
- 6941.4 करोड़ रुपए कुल बजट
- लाइन पांच रेड लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक।
- 02 लाइन में 28 रेलवे स्टेशन होंगे
- पर्पल लाइन में 13.4 किमी लंबाई की एलीवेटेड लाइन। इसमें 14 रेलवे स्टेशन
- पर्पल लाइन में 3.4 किमी लंबी की अंडरग्राउंड लाइन। इसमें दो रेलवे स्टेशन
- पर्पल लाइन की कुल लंबाई 16.8 किमी। 16 रेलवे स्टेशन।
- रेड लाइन में 14.2 किमी लंबा की एलीवेटेड लाइन है। इसमें 13 रेलवे स्टेशन है
- 6.225 किमी लंबाई का प्रायोरिटी कॉरीडोर एम्स से सुभाष नगर ब्रिज तक बनाया जा रहा है।
- ये पर्पल लाइन के तहत है।
- 100 फीसदी काम पीयर्स को हो गया
- सितंबर 2023 तक प्रायोरिटी कॉरीडोर में ट्रेन दौड़ेगी
- आठ रेलवे स्टेशन हैं एम्स से सुभाष नगर ब्रिज तक
- एक डिपो बनाया जा रहा जिंसी स्टड फार्म की जगह पर



23

**Dainik Jagran**
**Bhopal**



# शहर के पहले डबल डेकर कॉरीडोर का रास्ता साफ, जल्द मिल सकती है मेट्रो की एनओसी

## पीडब्ल्यूडी और मेट्रो के अफसर हालिया संयुक्त निरीक्षण में सहमत नजर आए


फाइल फोटो

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** शहर के पहले डबल डेकर फ्लाय ओवर (कॉरीडोर) के निर्माण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने हाल में लाउखेड़ी से बैरागढ़ विसर्जन घाट तक प्रस्तावित इस कॉरीडोर के लिए संयुक्त निरीक्षण किया था। इस दौरान ही निर्माण के लिए एनओसी देने पर सहमति बनती नजर आई थी। हलालपुर से बैरागढ़ तक ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। इंदौर के लिए वाहन इस रोड से गुजरते हैं। सर्विस रोड पर अतिक्रमण भी हैं। कई दोपहिया व चारपहिया वाहन बीआरटी कॉरीडोर में से होकर गुजरते हैं। इस वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके मद्देनजर पीडब्ल्यूडी ने लाउखेड़ी सीवेज पंप हाउस से बैरागढ़ विसर्जन घाट तक डबल डेकर एलिवेटेड कॉरीडोर का प्लान बनाया। इसमें नीचे सामान्य ट्रैफिक चलेगा और ऊपर मेट्रो दौड़ेगी। यह नागपुर की तर्ज पर होगा और 15 मीटर चौड़ा होगा। लंबाई करीब ढाई किमी रहेगी। पीडब्ल्यूडी ने कॉरीडोर निर्माण पर सवा दो सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान लगाया है।

### काफी समय से नहीं मिल पा रही मेट्रो की एनओसी

बैरागढ़ से अवधपुरी तक मेट्रो का एक रूट प्रस्तावित है। यह डबल डेकर कॉरीडोर के एलाइनमेंट में है। ऐसे में मेट्रो रेल कंपनी की सहमति निर्माण के लिए जरूरी है। डबल डेकर कॉरीडोर की ड्रॉइंग मंजूर कराना होगी। दिक्कत यह रही कि मेट्रो कंपनी की प्राथमिकता में फिलहाल यह रूट शामिल नहीं है। वहां काम शुरू होने में कुछ साल लग सकते हैं। इस वजह से कंपनी के अफसर फ्लाय ओवर के लिए एनओसी देने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे। इसके मद्देनजर पीडब्ल्यूडी ने मेट्रो रूट के लिए फाउंडेशन व पिलर बना कर देने का ऑफर दिया था। फिर भी सहमति नहीं बन पाई थी। इस बीच मेट्रो के तत्कालीन एमडी व नगरीय प्रशासन कमिश्नर निकुंज श्रीवास्तव ने पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ बैठक की थी। वो मेट्रो के पिलर बना कर देने के ऑफर से सहमत थे। इसके मद्देनजर हाल में दोनों एजेंसियों के अफसरों ने प्रस्तावित निर्माण स्थल का मुआयना किया था।

### पहले भी कई प्रोजेक्ट्स में लग चुका मेट्रो का अड़ंगा

शहर में मेट्रो की वजह से पहले भी कई प्रोजेक्ट अटक चुके हैं। हबीबगंज अंडरब्रिज से बोर्ड ऑफिस चौराहा तक नगर निगम सर्विस रोड का निर्माण करा रहा था। इसके निर्माण पर एक करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होने के बाद काम बीच में छोड़ना पड़ा। वजह, यहां मेट्रो के एलिवेटेड रूट के पिलर खड़े किए जाने थे। इसी तरह बरखेड़ी फाटक पर कोलार की नई लाइन बिछाने का कार्य लंबे समय तक अटका रहा। मेट्रो की लाइन यहां से गुजरना है। ऐसे में पाइप लाइन का एलाइनमेंट बदलना पड़ा। हालिया उदाहरण सुभाष नगर रेलवे ओवरब्रिज का है। इसका काम डेढ़ साल पहले पूरा हो गया था, लेकिन में मेट्रो के लिए चल रहे निर्माण के कारण शुरू नहीं हो पा रहा था।

**Hari Bhoomi Bhopal**

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 20 नवंबर 2022

# मेट्रो रेल डिपो में रुकावट बन रही नर्मदा लाइन होगी शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास मेट्रो रेल डिपो निर्माण की राह में रुकावट बन रही नर्मदा वाटर सप्लाई पाइप लाइन की शिफ्टिंग और इंटर कनेक्शन किया जाना है। इसकी वजह से 22 और 23 नवंबर को दो दिन शहर में पानी की सप्लाई नहीं होगी। इस दौरान नए और पुराने शहर में 35 से ज्यादा इलाके प्रभावित होंगे। इस दौरान नगर निगम वैकल्पिक तौर पर जलापूर्ति करेगा।

**Yug Pradesh Bhopal**



## 22 और 23 नवंबर को होगा नर्मदा शिफ्टिंग का काम

# मेट्रो निर्माण में बाधक नर्मदा लाइन को शिफ्ट करने का होगा काम, दो दिन प्रभावित रहेगी सप्लाई

**युग प्रदेश, भोपाल**

मेट्रो परियोनाज की जद में आ रही नगर निगम की नर्मदा जलप्रदाय परियोजना को शिफ्टिंग का काम 23 नवंबर को होगा जिसकी वजह से एक बड़े हिस्से में पानी की सप्लाई प्रभावित होगी। निगम ने इसकी पूर्व सूचना देकर कहा है कि जलकार्य विभाग का अमला 23 नवंबर को सुभाष नगर अंडरब्रिज के पास 1 हजार एमएम व्यास की पाइप लाइन को शिफ्ट करेगा। इस कार्य के दौरान 22 नवम्बर को कुछ क्षेत्र में आंशिक रूप से जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित होगी तो वहीं 23 नवम्बर को एक बड़े हिस्से में नर्मदा जल नहीं मिलेगा। हालांकि निगम द्वारा इस दौरान प्रभावित इलाकों में टेंकर के जरिए पानी की सप्लाई का भरोसा दिया है। खासकर स्लम एरिया में टेंकर के जरिए सप्लाई की जाएगी।



### प्रभावित होने वाले क्षेत्र

वेटनरी, बोगदा पुल, जहांगीराबाद, जिंसी चौराहा, आम वाली मस्जिद, यूनानी शफाखाना, बरखेड़ी, कल्लाशाह का अहाता, ओल्ड सेमरा, मयूर विहार, पंत नगर, सुंदर नगर, अशोका गार्डन, बाल विहार, राजेन्द्र नगर, चांदबड़, सुभाष नगर, अशोक विहार, अन्ना नगर, विकास नगर, गोविन्द गार्डन, पद्मनाभ नगर, आई.एस.बी.टी एरिया, गौतम नगर, बिहारी मोहल्ला, खजूरीकला, अमरावतखुर्द, वेदवती कालोनी, बरखेड़ा पठानी, समन्वय नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, पटेल नगर, रत्नागिरी, कल्पना नगर जे-सेक्टर, सोनागिरी ए-सेक्टर, इन्द्रुपरी बी-सेक्टर, भरत नगर, जे.के. रोड, राजीव नगर, अयोध्या नगर एफ-सेक्टर, दामखेड़ा, गोविन्दपुरा एरिया, कोलुआ, मिनाल रेसीडेंसी इत्यादि क्षेत्रों में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा।

**Patrika**
**Bhopal**

# 112 पहियों के ट्रक पर आया मेट्रो का गर्डर




**भोपाल.** एम्स से लेकर सुभाष नगर तक 6.22 किमी मेट्रो के रूट पर रानी कमलापति स्टेशन की तरफ वाले हिस्से पर तेजी से काम चल रहा है। इसी को गणेश मंदिर तक पूरा करने के लिए 112 पहियों के बड़े ट्रक पर दो और बड़े गर्डर आए हैं। जल्द ही ब्लॉक लेकर इन दोनों गर्डर को पिलर पर रखा जाएगा। इससे कोई 26 मीटर का मेट्रो ट्रैक और पूरा हो जाएगा। दरअसल स्टेशन को पार कराने वाला स्टील का 35 मीटर लंबा गर्डर आना बाकी है। ये तीन हिस्सों में रेलवे की पटरी को पार कर हबीबगंज नाके तक आएगा। इसके बाद मेट्रो का ट्रैक बोर्ड ऑफिस तक पूरा होगा।

**METRO NEWS**
**25th November, 2022**
**Bhopal**

**Patrika**
**Bhopal**
**25.11.2022**




## एम्स से सुभाष ब्रिज तक बनेंगे आठ रेलवे स्टेशन

**भोपाल @ पत्रिका.** राजधानी में मेट्रो ट्रेन के रेलवे स्टेशन निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। एम्स से लेकर सुभाष ब्रिज तक आठ रेलवे स्टेशन प्रस्तावित हैं। करीब 450 करोड़ रुपए से स्टेशन बनाये जा रहे हैं। सभी रेलवे स्टेशन का जमीन के अंदर वाला काम पूरा हो चुका है, अब बाहर की ओर काम शुरू हो गया है। सुभाष ब्रिज से लेकर बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप के पास तक काम बाहर नजर आने लगा है। यहां पर तेजी से काम चल रहा है। **फोटो: अजय शर्मा**



**METRO NEWS**
**26th NOVEMBER,2022**

**Free Press**
**Bhopal**

# 3-D design of Metro train under preparation

OUR STAFF REPORTER
city.bhopal@fpj.co.in

The work on Bhopal Metro train project is underway. Apart from constructing Metro Stations, construction of depot, work on design of Metro train engine is underway. The tender for Metro train engine has been already awarded. As of now, 3-D design of metro train engine is being prepared.

A senior official associated with Metro project said that he had ordered preparation of 3-D design of Metro engine. As there is tight schedule to accomplish tasks of Metro Project, reviews of everyday work progress is being done. Officers are working in office till late evening hours.

The work of construction of Metro Train is inching towards the completion after which solar roof tops will be installed on them.

Bhopal Metro project will have 28 stations and two lines. The first line of Metro rail will be laid from Karond circle to AIIMS and second line will be from Bhadbhada square to Ratnagiri tri section. The Metro line from Karond Circle to AIIMS will be purple line (in colour). The Metro line from Bhadbhada Square to Ratnagiri trisection will be Red line. Both lines will intersect with each other at Pul Bogda. The pillars have been erected at various locations of city.


THE FREE PRESS JOURNAL Sat, 26 November https://epaper.fr

**Raj Express**
**Bhopal**

राज एक्सप्रेस | महानगर

शनिवार, 26 नवंबर, 2022
www.rajexpress.co
2
भोपाल

**भोपाल मेट्रो परियोजना** 450 करोड़ रुपए की लागत से प्रथम कॉरीडोर में 6.225 किलोमीटर एम्स से सुभाष नगर तक दौड़ेगी मेट्रो



### 307 दिन बाद शुरू होगा मध्यप्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन का सफर

# विधानसभा चुनाव से पहले सरकार देगी राजधानी को यातायात बाधा मुक्त सफर की सौगात

**भोपाल ▪ श्रवण मावई**

सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी को यातायात बाधा मुक्त सफर की सौगात देने की तारीख तय कर ली है। अब से 307 दिन बाद भोपाल में मध्यप्रदेश की पहली मेट्रो ट्रेन का सफर शुरू हो जाएगा।

450 करोड़ रुपए की लागत से पहली मेट्रो ट्रेन प्राथमिकता के आधार पर तैयार 6.225 किलोमीटर के कॉरीडोर में दौड़ेगी। मेट्रो ट्रेन (परपल लाइन) एम्स से सुभाषनगर तक संचालित होगी। शेष लगभग 11 किलोमीटर का कॉरीडोर करौंद चौराहा तक अगले एक साल में तैयार होने की संभावना है। वहीं भोपाल परियोजना के अंतर्गत दूसरा चरण में भदभदा चौराहे से मीनाल रेसीडेंसी के पास से जेके रोड होते हुए रत्नागिरि तिराहा तक संचालित होगी। शहर में मेट्रो प्राथमिकता कॉरीडोर का कार्य बहुत तेजी से किया जा रहा है, नवंबर माह की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार वायडक्ट का लगभग 87 फीसदी कार्य पूर्ण हो गया है। आगामी कुछ माह माह में बिजली संबंधी कार्य पूर्ण किया जाएगा। प्राथमिकता कॉरीडोर के 8 स्टेशनों के निर्माण का कार्य गति भी तेज कर दी गई है।

मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने सभी कार्यों की समय सीमा निर्धारित की है। समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की हिदायत भी एजेंसियों को दी गई है। प्राथमिकता कॉरीडोर का कार्य अगस्त 2023 तक हर हाल में पूर्ण करना होगा, तब ही निर्धारित सितंबर 2023 में मेट्रो ट्रेन शुरू होगी। मेट्रो ट्रेन शुरू होने से नागरिकों को यातायात बाधा मुक्त सफर की सुविधा मिलेगी।



### भोपाल मेट्रो परियोजना

- सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रस्ताव का निर्णय- 20 दिसंबर 2011
- मप्र मेट्रो परियोजना को मंजूरी - 30 सितंबर 2018
- परियोजना का एमओयू - 19 अगस्त 2019
- मेट्रो परियोजना का कार्य शुरू - 2020

## यहां होंगे आठ स्टेशन

प्राथमिकता कॉरीडोर में एम्स से सुभाष नगर तक मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस कॉरीडोर में एम्स, अलकापुरी, हबीबगंज नाका, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, एमपी नगर, डीबी मॉल, केंद्रीय स्कूल और सुभाष नगर तक की दूरी में कुल आठ स्टेशन होंगे। इन स्टेशन पर यात्रियों के लिए इंटरनेट सहित अन्य सुविधाएं देने की तैयारी है।

### 27 मेट्रो कार होगी, दिन भर में कई फेरे

अल्स्टाम नामक कंपनी भोपाल में 27 मेट्रो कार उपलब्ध करवाएगी और नियंत्रण से लेकर सात साल तक रखरखाव भी करेगी। यह कंपनी ही ट्रेन के बाहर और भीतर होने वाले बदलावों को भी तय करेगी।

### यह कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में

- प्राथमिकता कॉरीडोर के आठ स्टेशनों का निर्माण ।
- रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग और दूरसंचार की प्रणाली ।
- डिपो सिविल और ई एंड एम वर्क्स।
- विद्युत आपूर्ति और कर्षण ।
- लिफ्ट और एस्केलेटर।

**Free Press**
**Bhopal**
**28.11.2022**

MADHYA PRADESH
BHOPAL | MONDAY | NOVEMBER 28, 2022 www.freepressjournal.in Pg-05

MPMRC MD INSPECTS GANDHI NAGAR DEPOT OF METRO RAILWAY

# Indore Metro Rail trial run in Aug-Sept, 2023: Singh

## MANISH SINGH RESOLVES PROBLEMS FACED BY THE CONSTRUCTION AGENCY IN DEVELOPMENT OF THE DEPOT





OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation's managing director, Manish Singh, on Sunday, said that the trial run at the Priority Corridor of Indore Metro Railway was going to start in August-September 2023.

"The Metro Rail project is work considered to be of the highest priority by Chief Minister Shivraj Singh Chouhan. Our aim is that, by next August-September, its trial run can be carried out at the Super-Priority Corridor of 5.9 km," Singh said during his visit to Indore, specially to inspect the Gandhi Nagar depot of the Metro Railway and resolve the problems faced by the construction agency in development of the depot.

While reviewing the construction work, Singh directed that work on the depot be carried out on priority to complete the targeted Super-Priority Corridor by September 2023.

During the inspection, Singh also observed the work going on at the Gandhi Nagar depot. He was apprised of the problems being faced by the local officials of Metro Rail Corporation in carrying out the work. Singh gave instructions to resolve the problems with mutual coordination so that the construction can be done at a faster pace.

Collector Ilaya Raja T, who was also present during the inspection, said, "All kinds of coordination will be done by the administration and every possible effort will be made to complete the Metro project at a fast pace."

The work is being carried out at a fast pace by Metro Rail Corporation. It was decided on Saturday at a review meeting that the work would not be stopped even when the Pravasi Bharatiya Sammelan and the Global Investors' Summit, 2023, were held in the city in January.

"Work has started to temporary close traffic on a 200-metre stretch near the proposed Gandhi Nagar station on the Super-Corridor. Diversion is being arranged at this place so that traffic is not obstructed and the Metro construction work can go on smoothly," officials added.

Singh inquired how the converted diversion route could be made attractive to present the image of Indore city in a beautiful form from the Metro construction site.

While talking to officials of Metro Rail Corporation, Singh directed that the technical aspects be completed by establishing relations with the Rail India Technical and Economic Service (RITES) and other technical institutions. Singh ordered that quality and safety be ensured in the Metro construction work on priority and instructed officials not to compromise on them under any circumstance.

Initiating the site inspection from the proposed Metro station near Gandhi Nagar, Singh stressed the importance of ensuring orderly traffic and managing diversions on the Metro construction routes during the two major events proposed in the city at the beginning of next year-the Global Investors' Summit, 2003, and Pravasi Bhartiya Sammelan.

Collector Ilaya Raja T; municipal commissioner Pratibha Pal; Ajay Sharma, director, Metro Depot Project; KC Chauhan, general manager; Anil Joshi, deputy general manager; officers of the general consultant and representatives of the Metro construction contractors were present during the inspection.

**Dainik Bhaskar**
**Bhopal**
**28.11.2022**

दैनिक भास्कर भोपाल 28-11-2022 Pg-06

दैनिक भास्कर

# मेट्रो को बिजली देने के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने 80 करोड़ रुपए से तैयार किया इंफ्रास्ट्रक्चर

## अफसर बोले- जरूरत पर उपलब्ध करा देंगे बिजली

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल में मेट्रो के लिए मप्र ट्रांसमिशन कंपनी ने अपना मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड कर लिया है। मेट्रो के लिए कंपनी ने 80 करोड़ खर्च कर पर्याप्त बिजली के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। कंपनी का का तर्क है कि कॉर्पोरेशन जब कहेगा तब उन्हें मेट्रो के लिए बिजली उपलब्ध करा दी जाएगी।

कंपनी के एमडी सुनील तिवारी बताया कि मेट्रो प्रोजेक्ट को बिजली देने के लिए राजधानी में 4 बड़े काम किए गए हैं। सूखी सेवनिया स्थित एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब स्टेशन में 25 करोड़ लागत का 500 एमवीए क्षमता का एक बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। यहां से गोविंदपुरा तक बिछी पुरानी एक्स्ट्रा हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन बदलकर 16 करोड़ से नई एचटीएलएफ लाइन डाली है। गोविंदपुरा स्थित कंपनी के सबस्टेशन में 13 करोड़ में 200 एमबीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। ई 8 अरेरा कॉलोनी में 36 करोड़ से नया सब स्टेशन बनाया है।

## 5 किमी की हाइब्रिड लाइन बनेगी

अधिकारियों के मुताबिक राजधानी में हुए चार बड़े कामों से इससे भोपाल की जरूरत के अलावा मेट्रो को डिमांड के मुताबिक बिजली दी जा सकेगी। कंपनी के 220 केवी क्षमता के गोविंदपुरा से सुभाष नगर के लिए 2.3 किमी की अंडरग्राउंड डबल सर्किट लाइन रहेगी। 220 केवी क्षमता के बैरागढ़ सबस्टेशन से करोंद मेट्रो सबस्टेशन के लिए 10 किमी की मोनोपोल लाइन बनेगी। 220 केवी क्षमता के आदमपुर सब स्टेशन आदमपुर से मेट्रो के रत्नागिरी स्टेशन के लिए 5 किमी की हाइब्रिड लाइन बनेगी। जिसमें अंडरग्राउंड , मल्टी सर्किट टावर व मोनोपोल के जरिए सप्लाई की जाएगी।

**Raj Express**
**Bhopal**

राज एक्सप्रेस | महानगर

रविवार, 27 नवंबर, 2022
www.rajexpress.co

2 भो 1

# सीएम की मंशा के अनुरूप ही तय समय पर शुरू होगी मेट्रो : एमडी एमपीएमआरसीएल

## प्रबंध संचालक द्वारा मेट्रो के अधिकारियों एवं कान्ट्रेक्टर के साथ की गई समीक्षा

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप भोपाल और इंदौर में मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होगा, इसके लिए निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण किए जाएं। यह बात शनिवार को मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड की समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने सभी अधिकारियों से कही। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए।

समीक्षा में बैठक में एमडी मनीष सिंह द्वारा मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों, जनरल कन्सल्टेंट और कान्ट्रेक्टर के साथ भोपाल और इंदौर प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की। उनके द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि और कार्य पूर्ण किया जाएगा। प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर गांधीनगर डिपो के कार्य की समीक्षा की गई व डिपो कान्ट्रेक्टर के प्रतिनिधि को आदेश दिए की कार्यों को तुरंत आगे बढ़ाने की कार्यवाही करें तथा अन्य कार्य को तय समय में पूर्ण करने की योजना बनाएं। इसके साथ ही प्रबंध संचालक द्वारा स्टेशन कान्ट्रेक्टर के अधिकारी अमित टंडन से गांधीनगर स्टेशन के निर्माण कार्य में आ रही परेशानी को सुना एवं मेट्रो के अधिकारी, जनरल कंसल्टेंट व जिले के अधिकारियों को रविवार सुबह 9:30 बजे मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा इंदौर और भोपाल मेट्रो ट्रेन के लिए समय सीमा सितंबर 2023 तय की गई है, उसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे

### प्रबंध संचालक मौके पर करेंगे समीक्षा

प्रबंध संचालक रविवार सुबह मौके पर पहुंच कर समीक्षा करेंगे एवं निर्माण कार्य मे कोई बाधा न आए उसके लिए चर्चा कर समाधान करेंगे। साथ ही प्रबंध संचालक द्वारा अधिकारियो एवं कान्ट्रेक्टर को निर्देश दिया गया कि जो भी टेंडर के कार्य लंबित हैं, उसको तुरंत पूरा किए जाए। कान्ट्रेक्टर को यह भी निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाएं एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य को तय समय में पूर्ण करे।

### सुभाष नगर स्टेशन वायडक्ट का कार्य एक माह में हो पूर्ण

प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर डिपो मे चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियो एवं कान्ट्रेक्टर से प्रगति की समीक्षा की। भोपाल मेट्रो वायडक्ट के कान्ट्रेक्टर को आदेश दिया कि सुभाष नगर डिपो से सुभाष नगर स्टेशन के बीच वायडक्ट का जो कार्य बचा है उसे एक माह के अंतर्गत पूर्ण करें। साथ ही जनरल कंसल्टेंट एवं मेट्रो के सिविल महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि कार्य में देरी होने की हर एक बिंदू पर रिपोर्ट करें।

### सिविल कार्य पूर्ण कर सिस्टम का कार्य होगा शुरू

प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत सुभाष नगर डिपो में विभिन्न कार्यों को लेकर प्रगति पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि एडमिन भवन सहित अन्य कार्य लगभग पूर्ण हो गए है। अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जल्द ही सिविल कार्य पूर्ण कर सिस्टम के अन्य कार्यों के लिए जल्द ही सौंप दिया जाएगा। स्टेशन के सिविल कार्य भी तेज गति से चल रहे हैं और जल्द ही सिस्टम के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। समीक्षा बैठक में मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक परियोजना शोभित टंडन, निदेशक सिस्टम, वाईसी शर्मा, मनीष गंगारेकर और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**Free Press**
**Bhopal**

## Speed up work: Metro Rail MD

**Bhopal:** Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited Managing Director Manish Singh reviewed the ongoing works of Bhopal and Indore Metro project on Saturday. He asked officials to complete the works in stipulated time frame. He also heard the problems coming in way of Metro project. He said Chief Minister Shivraj Singh Chouhan has fixed the trial run of Metro Rail and all steps should be taken in this regard.

THE FREE PRESS JOURNAL Sun, 27 November 2022
https://epaper.freepressjournal.in/c/70980031

**Dainik Jagran**
**Bhopal**

एंकर स्टोरी

कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने की भोपाल, इंदौर प्रोजेक्ट की समीक्षा

# मेट्रो रूट का काम क्यों पिछड़ा, रिपोर्ट तलब, पूरा करने एक महीने का समय



जागरण प्रतिनिधि, **भोपाल।** सुभाष नगर फाटक से एम्स के बीच मेट्रो के एलिवेटेड रूट का काम क्यों पिछड़ा, इसके हर बिंदु की रिपोर्ट तलब की गई है। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने जनरल कंसलटेंट और सिविल के महाप्रबंधक को यह जल्द सौंपने का अल्टीमेटम दिया है। साथ ही निर्माण एजेंसी दिलीप बिल्डकॉन को सुभाष नगर डिपो से सुभाष नगर स्टेशन के बीच वायडक्ट का बाकी कार्य एक महीने में पूरा करने का आदेश दिया है।एमडी मनीष सिंह शनिवार को भोपाल और इंदौर के मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल और इंदौर में मेट्रो के ट्रायल के लिए सितंबर, 2023 की समय सीमा तय की है। इसमें सभी कार्य पूरे करना हैं। सिंह ने इंदौर में गांधी नगर स्टेशन के निर्माण में आ रही दिक्कतों के संबंध में आरवीएनएल के अधिकारियों से जानकारी ली। फिर मेट्रो के अधिकारियों, जनरल कंसलटेंट और जिले के अधिकारियों को रविवार सुबह मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। एमडी ने कहा कि वो वहां पहुंचकर समीक्षा करेंगे। बैठक में निदेशक परियोजना अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, जीएम वाईसी शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## डिपो व स्टेशन का सिविल वर्क जल्द पूरा होगा, सिस्टम के काम शुरू होंगे

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि सुभाष नगर डिपो की एडमिन बिल्डिंग, सब स्टेशन, इंस्पेक्शन बे का कार्य तेजी से चल रहा है। अफसरों ने भरोसा दिलाया कि जल्द सिविल वर्क पूरा कर सिस्टम के अन्य कार्यों के लिए सौंप दिया जाएगा। स्टेशनों का भी सिविल कार्य दिन-रात चल रहा है।

### तीन साल से अधिक समय से चल रहा एलिवेटेड रूट का काम

भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास 26 सितंबर, 2019 को किया गया था। हालांकि, एम्स से सुभाष नगर तक एलिवेटेड रूट का निर्माण पहले ही शुरू हो गया था। यह करीब पौने सात किमी लंबा है। इस पर 277 करोड़ खर्च किया जा रहा है। इसमें स्टेशन शामिल नहीं हैं। दिलीप बिल्डकॉन रूट का सिविल वर्क काफी हद तक पूरा कर चुका है। इसके रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर के बीच मेट्रो का ट्रायल रन अगले साल सितंबर में किया जाना है। यह करीब पांच किमी लंबा रूट होगा। यूआरसी कंपनी आठ मेट्रो स्टेशनों का निर्माण कर रही है। प्राथमिकता के तौर पर फिलहाल रानी कमलापति, बोर्ड ऑफिस, मैदा मिल रोड समेत पांच स्टेशन का कार्य किया जा रहा है। वहीं मेट्रो प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण हिस्से डिपो का निर्माण स्टड फार्म और आसपास की करीब 80 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। यहां न केवल मेट्रो रेल पार्क होंगी बल्कि उनका मेंटेनेंस भी होगा। इसका निर्माण सितंबर, 2023 पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**Parika**
**Bhopal**

# मेट्रो डिपो से स्टेशन के बीच एक महीने में पूरा होगा वायडक्ट

## 2023 में इंदौर और भोपाल मेट्रो ट्रेन का शुरू करना है ट्रायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के नवागत एमडी मनीष सिंह ने अपनी पहली समीक्षा बैठक में मेट्रो डिपो के कामों पर विशेष फोकस किया। इंदौर भोपाल मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के कामों को लेकर अफसरों से सवाल जवाब किए। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत निर्माणाधीन सुभाष नगर डिपो के काम में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए हैं।

सुभाष डिपो से लेकर स्टेशन के बीच वायडक्ट का काम एक माह में पूरा करने का कहा गया है। यहां जनरल कंसलटेंट और मेट्रो के सिविल महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि कार्य में देरी होने की हर एक बिंदू पर रिपोर्ट जमा करें।

## काम की अभी ये स्थिति

**मेट्रो ट्रेन** प्रोजेक्ट में एडमिन भवन की फाइल फाउंडेशन का काम 100 प्रतिशत हो चुका है। पाइल की कैपिंग का काम 60 फीसदी हो चुका है। यहां सहायक सब स्टेशन भवन के फाउंडेशन का काम भी पूरा हो चुका है। डिपो में इंस्पेक्शन बे का फाइल फाउंडेशन का काम 35 फीसदी हुआ है। मेट्रो प्रोजेक्ट अफसरों ने सिविल काम जल्द ही पूरा कर डिपो का काम नए साल की पहली तिमाही में पूरा करने के लिए आश्वासन दिया है। बैठक में मेट्रो के निदेशक परियोजना अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, महाप्रबंधक वाईसी शर्मा, महाप्रबंधक मनीष गंगारेकर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**Times of India**
**Bhopal**

TOI

# Will meet Sept '23 metro deadline: MD

Times News Network

**Bhopal:** With less than 10 months remaining for scheduled start of Bhopal metro 'priority' corridor, Manish Singh the new managing director of MP metro rail corporation limited (MPMRCL) held a first review meeting here on Saturday.

Priority corridor is a slimmed down version of envisaged phase I. Start of metro was to be from Karond intersection to AIIMS Bhopal. The revised deadline to be achieved about 4km from Subhash Nagar to AIIMS Bhopal. Metro actually touching AIIMS Bhopal, depends on permissions from Indian Railways. Stuck in delays, the new end point will be Habibganj, along the BRT corridor, now deemed as the new 'priority corridor'.

Singh, during the review, said, "All possible steps will be taken for the deadline for the Indore and Bhopal Metro which is September 2023." To go all out to meet the target, implementation of pending tender works and private contractor to speed up the work by way of increasing 'number of labourers.'

So far, the main depot is not complete and work on metro stations is yet to commence. Arches, piers or columns supporting a long elevated metro rail are yet to be completed.

37

**Nav Dunia**

**Bhopal**



# एम्स से सुभाष नगर तक सितंबर से पहले पूरा करें मेट्रो का काम



गोविंदपुरा स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में मेट्रो के एमडी मनीष सिंह ने ली बैठक। ● नवदुनिया

- मप्र मेट्रो के एमडी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों व ठेकेदार को दिए निर्देश
- श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं, ताकि मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो सके

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी में एम्स से सुभाप नगर तक मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कारिडोर का काम सितंबर 2023 से पहले पूर्ण कर लिया जाए। इसके लिए जरूरी है कि निर्माण कार्यों में तीव्रता लाई जाए। श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे निर्धारित अवधि में प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो का ट्रायल रन शुरू हो सके। यह बात शनिवार को मप्र मेट्रो के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रायोरिटी कारिडार के तहत सुभाप नगर डिपो में प्रशासनिक भवन के पाइल फाउंडेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो गया है, जबकि पाइल कैप का काम 80 प्रतिशत हुआ है। इसी कड़ी में सब स्टेशन भवन की नींव का कार्य शत-प्रतिशत एवं कालम का कार्य 35 प्रतिशत पूर्ण हो गया है।

सुभाप नगर डिपो में निरीक्षण भवन के पाइल फाउंडेशन का कार्य 70 एवं मेंटेनेंस कार्यालय के पाइल फाउंडेशन का कार्य भी 61 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। अधिकारियों द्वारा प्रबंध संचालक को यह आश्वासन दिया गया कि जल्द ही सिविल कार्य पूर्ण कर सिस्टम के अन्य कार्यों के लिए जल्द ही सौंप दिया जाएगा। स्टेशन के सिविल कार्य भी द्रुत गति से चल रहे हैं एवं जल्द ही सिस्टम के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

## एक माह में पूरा करना होगा सुभाष नगर डिपो का काम

प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर डिपो में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों एवं कान्ट्रैक्टर से प्रगति की समीक्षा के बाद भोपाल मेट्रो वायडक्ट के कांट्रेक्टर मैसर्स दिलीप बिल्डिकान को निर्देश दिया है कि सुभाष नगर डिपो से सुभाष नगर स्टेशन के बीच वायडक्ट का जो कार्य बचा है, उसे एक माह के अंतर्गत पूर्ण करें। साथ ही जनरल कंसल्टेंट एवं मेट्रो के सिविल महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि कार्य में देरी होने की हर एक बिंदु पर रिपोर्ट जमा करें। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), वाईसी शर्मा महाप्रबंधक, मनीष गंगारेकर महाप्रबंधक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**Dainik Pradesh**
**Bhopal**
**27.11.2022**

# प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर एमडी ने की समीक्षा



**भोपाल।** एमपी एमआरसीएल के एमडी मनीष सिंह ने मेट्रो के अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट एवं कॉन्ट्रेक्टर के साथ इंदौर और भोपाल प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सितंबर 2023 में इंदौर एवं भोपाल मेट्रो ट्रायल के लिए जो समय सीमा तय की गई है। उसके लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे और सभी कार्य पूर्ण कर सुनिश्चित किया जाएगा। एमडी द्वारा गांधी नगर डिपो के कार्य की समीक्षा की गई और डिपो कॉन्ट्रेक्टर मेसर्स केएसएमबी के प्रतिनिधि मुश्ताक को आदेश दिए कि कार्यों को तुरंत आगे बढ़ाने की कार्यवाही करें तथा प्रोक्योरमेंट एवं अन्य कार्य को तय समय में पूर्ण करने की योजना बनाएं। साथ ही एमडी द्वारा स्टेशन कॉन्ट्रेक्टर आरबीएनएल के अधिकारी अमित टंडन से गांधी नगर स्टेशन के निर्माण कार्य में आ रही परेशानी को सुना एवं मेट्रो के अधिकारी, जनरल कंसल्टेंट व जिले के अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस मौके पर मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक (परियोजना), शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), वाईसी शर्मा महाप्रबंधक, मनीष गंगारेकर महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**Yug Purush**
**Bhopal**
**28.11.2022**



# भोपाल-इंदौर मेट्रो का तय समय में काम पूरा करने बढ़ाई जाएगी मजदूरों की संख्या

## एमडी मनीष सिंह ने की समीक्षा, सीएम की मंशा के अनुरूप सितंबर 2023 में चलाने का लक्ष्य

युग प्रदेश, भोपाल।

सीएम शिवराज सिंह चौहान की मंशा के अनुरूप सितंबर 2023 में मेट्रो दौड़ाने के लिए मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने अधिकारियों और कांट्रेक्टरर्स के साथ मीटिंग कर आगे की रूपरेखा तय की है। शनिवार को हुई इस मीटिंग में तय हुआ है कि भोपाल और इंदौर में मेट्रो के पहले फेज का परिचालन हर हाल में सितंबर 23 में शुरु किया जाएगा। इसके लिए काम में गति लाने मजदूरों कीसंख्या बढ़ाने को कहा गया है। इस दौरान एमडी ने दोनों स्थलों पर वॉय डक्ट का काम हर हाल में एक माह में पूरा करने को कहा गया है। इस दौरान कार्य प्रगति की रिपोर्ट भी पेश की गई। इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक परियोजना शोभित टंडन, निदेशक सिस्टम, वाई.सी. शर्मा, महाप्रबंधक, मनीष गंगारेकर, महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### मेट्रो के पहले स्टेशन पर दस में से पांच पिलर पर बेस बनाने का काम पूरा

भोपाल। भोपाल मेट्रो कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइड पर इसे चलाने के लिए 307 दिन शेष है ऐसे में इस परियोजना के सात किमी लंबे कॉरिडोर के पहले स्टेशन के निर्माण का चालीस फीसदी काम पूरा हो गया है। इसके लिए कुछ दिन पहले काम शुरू हुआ था इसके बाद कंपनी ने डीबी मॉल के सामने सबसे पहले बन रहे स्टेशन के दस में से पांच पिलर पर बेस बनाने का काम पूरा कर लिया है। आज से बचे हुए पांच पिलर पर बेस बनाया जा रहा है इसके लिए तारों का जाल बिछाने का काम शुरू किया गया है।

### एमडी ने कहा समय सीमा में काम करने तेजी लाए

समीक्षा के दौरान मनीष सिंह ने अधिकारियों एवं कान्ट्रैक्टर को निर्देश दिया गया कि जो भी टेंडर के काम अटके पड़े है, उसको तुरंत पूरा करें। कान्ट्रैक्टर को यह भी निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर इंदौर- भोपाल मेट्रो को तय समय में पूर्ण करें। इसके बाद प्रबंध संचालक ने सुभाष नगर डिपो में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों एवं कान्ट्रैक्टर से प्रगति की समीक्षा की। भोपाल मेट्रो वायडक्ट के कान्ट्रैक्टर दिलीप बिल्डकॉन को आदेश दिया कि सुभाष नगर डिपो से सुभाष नगर स्टेशन के बीच वायडक्ट का जो कार्य बचा है उसे एक माह के अंतर्गत पूर्ण करें। साथ ही जनरल कंस्लटेंट एवं मेट्रो के सिविल महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि कार्य में देरी होने की हर एक बिंदू पर रिपोर्ट जमा करें।

### पेश की गई समीक्षा रिपोर्ट

इसके बाद प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत सुभाष नगर डिपो में विभिन्न कार्यों को लेकर प्रगति पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि एडमिन भवन की पाइल फाउंडेशन का शतप्रतिशत काम पूरा हो गया है एवं मेट्रो के पाइप केप का 60 फीसदी काम पूरा हो गया है। इसी कड़ी में एक्जलरी सब स्टेशन-1 का शत प्रतिशत काम हो गया है तो कॉलम का कार्य भी35 फीसदी पूरा हो गया है। एक्सलरी सब स्टेशन-2 के भवन का कार्य भी द्रुत गति से चल रहा है। सुभाष नगर डिपो में इंसपेक्शन बाय की पाइल फाउंडेशन का 76 फीसदी काम पूरा हो गया है। इसी तरह मेंटनेंस ऑफिस की पाइल फाउंडेशन का 61 फीसदी काम पूरा हो गया है। अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जल्द ही सिविल कार्य पूर्ण कर सिस्टम के अन्य कार्यों के लिए इसे सौंप दिया जाएगा। स्टेश्न के सिविल कार्य भी द्रुत गति से चल रहे हैं एवं जल्द ही सिस्टम के कार्य शुरू कर दिए जाऐंगे।

### इंदौर में भी काम में तेजी लाने के निर्देश

प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर गांधीनगर डिपो के कार्य की समीक्षा की गई व डिपो कान्ट्रैक्टर के प्रतिनिधि मुश्ताक को आदेश दिए कि कार्यों को तुरंत आगे बढ़ाने की कार्यवाही करें तथा के.सी. चौहान, सिविल महाप्रबंधक इंदौर को निर्देश दिए कि वे लखनउ स्थित मेट्रो के मुख्यालय जाकर बैठें एवं अन्य कार्य को तय समय में पूर्ण करने की योजना बनाऐं। इसके साथ ही प्रबंध संचालक द्वारा स्टेशन कान्ट्रैक्टर मेट्रो के अधिकारी अमित टंडन से गांधीनगर स्टेशन के निर्माण कार्य में आ रही परेशानी को सुना एवं मेट्रो के अधिकारी, जनरल कंस्लटेंट व जिले के अधिकारियों को आज सुबह 9-30 बजे मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक आज सुबह मौके पर पहुंच कर समीक्षा करेंगें एवं निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए उसके लिए चर्चा कर समाधान करेंगें।

**METRO NEWS**
**29th NOVEMBER,2022**

**Dainik Bhaskar**
**Bhopal**
**29.11.2022**

दैनिक भास्कर
भोपाल 29-11-2022
Pg-J2

**ट्रैफिक प्लान...**

# मेट्रो के लिए 27 दिन तक और जीजी फ्लाईओवर के लिए 13 दिन डायवर्सन

## मेट्रो कंपनी, पीडब्ल्यूडी की सूचना पर पुलिस ने तैयार किए दो प्लान

**प्लान-1**

- केंद्रीय विद्यालय-1 के पास मेट्रो ट्रेन के स्टेशन के निर्माण के लिए 29 नवंबर से 25 दिसंबर यानी 27 दिन तक प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक की सड़क बंद रहेगी। एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाला ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक का मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा।
- सुभाष नगर से एमपी नगर जाने वाले हल्के वाहन सुभाष नगर, आरबीआई, निर्माण सदन, भू-जल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर जा सकेंगे। एमपी नगर से लौटते वक्त इसी रास्ते से आना होगा।
- सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले भारी व मध्यम वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स ऑफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय-1, ईओडब्ल्यू दफ्तर, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा का रास्ता अख्तियार करेंगे। लौटने के दौरान इन वाहनों को इसी रास्ते से आना होगा।

**Raj Express**
**Bhopal**
**29.11.2022**



## शहर में ट्रैफिक डायवर्सन

# मेट्रो स्टेशन के निर्माण के दौरान एक माह तक बदला रहेगा ट्रैफिक

**भोपाल।** केन्द्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक की मुख्य मार्ग बंद कर एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्सन किया जाना जरूरी है। इस लिहाज से निर्माण कंपनी ने सूचना ट्रैफिक पुलिस को दी थी। सुरक्षित यातायात को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने निर्माण कार्य के दौरान 25 दिसंबर 2022 तक यातायात डायवर्सन की योजना बनाई है। जानकारी के मुताबिक प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा से इन्कम टैक्स तिराहा अथवा एसबीआई बैंक तिराहा तक का मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले हल्के वाहन या दुपहिया अथवा चारपहिया वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, निर्माण सदन, भुजल भवन, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कॉम्पलेक्स, बीएसएनएल ऑफिस, भुजल भवन, निर्माण सदन, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, आरबीआई बैंक, इन्कम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। भारी व मध्यम वाहन व सभी बसें सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस, बीएसएनएल ऑफिस, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। वहीं एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस कॉम्पलेक्स तिराहा, बीएसएनएल ऑफिस, ईओडब्ल्यू ऑफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केन्द्रीय विद्यालय, इन्कम टैक्स ऑफिस तिराहा व सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**Free Press**
**Bhopal**
**29.11.2022**

Pg=03

BHOPAL CITY

BHOPAL | TUESDAY | NOVEMBER 29, 2022 www.freepressjournal.in

METRO RAIL WORK

# Traffic diversion in place from Dec 1-25

OUR STAFF REPORTER
City.bhopal@fpj.co.in



Owing to the metro rail construction works near Kendriya Vidyalaya, the road connecting Press Complex junction to SBI Bank junction will remain closed for vehicular traffic from December 1-25. The vehicular traffic will be diverted on the road connecting MP Nagar to Subhash Nagar. The vehicles heading to MP Nagar from Subhash Nagar will have to pass through Income tax office trijunction, RBI Bank, Swami Vivekananda Regional spine centre, BSNL Office and Press complex trijunction to reach their destination and vice-versa. All medium-weighted and heavy vehicles going to MP Nagar from Subhash Nagar will be required to take the route via Income tax trijunction, Kendriya Vidyalaya, EOW office, BSNL office and Press complex trijunction to reach MP Nagar.

**Dainik Jagran**
**Bhopal**
**29.11.2022**

राजधानी जागरण

दैनिक जागरण
भोपाल, 29 नवम्बर, 2022

03

www.djmp.in/epaper

एंकर स्टोरी

## मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण के तहत यातायात पुलिस का डायवर्सन प्लान

# एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर ट्रैफिक 25 दिसंबर तक डायवर्ट

**हमारे संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय विद्यालय के पास मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण के अंतर्गत प्रेस काम्पलेक्स तिराहा से एसबीआई बैंक तिराहा तक की रोड बंद कर मेट्रो रेल स्टेशन के निर्माण कार्य के दौरान एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर आने-जाने वाले ट्रैफिक को डायवर्सन किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को सूचना दी गई हैं। सुरक्षित यातायात के लिहाज से निर्माण कार्य के दौरान दिनांक 24/11/2022 से 25/12/2022 तक यातायात डायवर्सन प्लान निम्नानुसार रहेगा।

- प्रेस कांपलेक्स तिराहा से इनकम टैक्स तिराहा, एसबीआई बैंक तिराहा तक का मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा।
- हल्के वाहन जैसे दुपहिया व चार पहिया सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, आरबीआई बैंक, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, निर्माण सदन, भूजल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस कांपलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन प्रेस कांपलेक्स, बीएसएनएल आफिस, भूजल भवन, निर्माण सदन, स्वामी विवेकानंद रीजनल स्पाइन सेंटर, आरबीआई बैंक, इनकम टैक्स तिराहा होकर सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।



- भारी व मध्यम वाहन, सभी बसें सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, राजस्व राहत भवन तिराहा, ईओडब्ल्यु आफिस, बीएसएनएल आफिस, प्रेस कांपलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाले वाहन एमपी नगर, प्रेस कांपलेक्स तिराहा, बीएसएनएल आफिस, ईओडब्ल्यु आफिस, राजस्व राहत भवन तिराहा, केंद्रीय विद्यालय, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, सुभाष नगर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

## मानसरोवर कांपलेक्स तिराहा से प्रगति चौराहा तक 15 दिनों के लिए रात 11 बजे से यातायात रहेगा परिवर्तित

हमारे संवाददाता, भोपाल। एमपी नगर इलाके में गायत्री मंदिर से डीबी मॉल, बोर्ड आफिस, प्रगति पेट्रोल पंप से मानसरोवर कांपलेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक फ्लाय ओवर का निर्माण कार्य जारी है। इसी तारतम्य में मानसरोवर तिराहा के पास गर्डर लांचिंग का कार्य पिलर क्रमांक पी-49 से लेकर पी-55 तक (सरगम टाकीज के सामने से प्रगति पेट्रोल पंप तक) किया जाना है। इसके लिए मानसरोवर कांपलेक्स तिराहा से प्रगति चौराहा तक का मार्ग बंद किया जाएगा। इस संबंध में निर्माण कंपनी द्वारा यातायात पुलिस को सूचना दी गई है। सुरक्षा के लिहाज से निर्माण कार्य के दौरान 27 नवंबर से 11 दिसंबर 2022 तक 15 दिनों के लिए रात 11 बजे से शाम 5 बजे तक यह मार्ग बंद रहेगा। इस दौरान यातायात डायवर्सन प्लान इस प्रकार रहेगा।

- प्रगति पेट्रोल पंप से मानसरोवर तिराहा की ओर आने-जाने वाला मार्ग रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पूर्णतः बंद रहेगा।
- मानसरोवर तिराहा, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रगति पेट्रोल पंप या बोर्ड आफिस चौराहा की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन मानसरोवर तिराहा से 7 नंबर मार्केट चौराहा, सरोजनी नायडू कन्या स्कूल तिराहा, पारूल अस्पताल होकर प्रगति पेट्रोल पंप तिराहा एवं बोर्ड आफिस चौराहा की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- इसी प्रकार प्रगति पेट्रोल पंप या बोर्ड आफिस चौराहा से मानसरोवर तिराहा/रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन प्रगति पेट्रोल पंप, पारूल अस्पताल, सरोजनी नायडू कन्या स्कूल तिराहा, 7 नंबर मार्केट चौराहा होकर मानसरोवर तिराहा, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की ओर आवागमन कर सकेंगे। आम जनता से यातायात पुलिस ने अपील की है कि यातायात के नियमों का पालन करें। परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

**Patrika**
**Bhopal**
**29.11.2022**

# 15 दिन बंद रहेगा मानसरोवर से प्रगति पेट्रोल पंप का रास्ता

**भोपाल.** शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट और फ्लाईओवर का काम एमपी नगर क्षेत्र के आसपास तेजी से चल रहा है। ऐसे में सरगम टॉकीज से लेकर प्रगति पेट्रोल पंप तक बन रहे फ्लाईओवर में गार्डर लांचिंग के कारण करीब 2 सप्ताह तक यह मार्ग बंद किया जा रहा है। सोमवार से लेकर 11 दिसंबर तक यह रास्ता बंद होने से आवागमन करने वाले लोग और वाहन परिवर्तित मार्ग से आवागमन कर सकेंगे। गौरतलब है कि एमपी नगर क्षेत्र मे गायत्री मंदिर से डीबी मॉल, बोर्ड ऑफिस, प्रगति पेट्रोल पंप से मानसरोवर कॉम्पलेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक फ्लाई ओवर निर्माण के तहत यह निर्णय लिया गया है।

## यहां से आवागमन कर सकेंगे वाहन

**प्रगति पेट्रोल** पम्प से मानसरोवर तिराहा की ओर आने-जाने वाला मार्ग रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पूर्णत: बंद रहेगा।

**मानसरोवर तिराहा,** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रगति पेट्रोल पम्प या बोर्ड ऑफिस चौराहा की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन मानसरोवर तिराहा से 7 नम्बर मार्केट चौराहा, सरोजनी नायडू कन्या स्कूल तिराहा, पारूल अस्पताल होकर प्रगति पेट्रोल पम्प तिराहा एवं बोर्ड ऑफिस चौराहा की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**प्रगति पेट्रोल** पम्प या बोर्ड ऑफिस चौराहा से मानसरोवर तिराहा आरकेएमपी की ओर जाने वाले वाहन प्रगति पेट्रोल पम्प, पारूल अस्पताल, सरोजनी नायडू कन्या स्कूल तिराहा, 7 नंबर मार्केट चौराहा होकर मानसरोवर तिराहा, आरकेएमपी की ओर जा सकेंगे।

METRO NEWS
30th November, 2022
Bhopal

Nai Dunia
Bhopal
30.11.2022

2 नवदुनिया
भोपाल, बुधवार 30 नवंबर, 2022
भोपाल सिटी

# मेट्रो स्टेशन और फ्लाइओवर की गर्डर चढ़ाने का काम शुरू


- निर्माण कार्य के दौरान बदली रहेगी यातायात व्यवस्था
- सुभाष नगर से एम्स के बीच बनाए जाएंगे मेट्रो के आठ स्टेशन

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा मंगलवार से दूसरे मेट्रो स्टेशन का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए बेस बनाने से लेकर सेटिंग का काम किया जा रहा है। यह स्टेशन भी दस पिलर पर बनाया जाएगा। सुभाष नगर से एम्स के बीच आठ स्टेशन बनना हैं, यह दूसरा स्टेशन है। इससे पहले एमपी नगर स्थित डीबी माल के सामने स्टेशन बनाने का काम तेजी से हो रहा है।

इसके बेस बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। अब कुछ दिनों में इसमें होने वाले अन्य काम शुरू हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए प्रेस काम्पलेक्स तिराहा से एसबीआइ बैंक तिराहा तक की सड़कें बंद कर दी गई हैं। एमपी नगर से सुभाष नगर की ओर जाने वाला यातायात परिवर्तित किया गया है। इस दौरान प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा से एसबीआइ बैंक तिराहा तक का मार्ग बंद रहेगा। इस स्थिति में सुभाष नगर से एमपी नगर जाने वाले छोटे वाहन सुभाष नगर, आरबीआइ, निर्माण सदन, भू-जल भवन, बीएसएनएल आफिस, प्रेस काम्पलेक्स तिराहा होकर एमपी नगर जा सकेंगे। एमपी नगर से लौटते वक्त इसी रास्ते से आना होगा। सुभाष नगर से एमपी नगर की ओर जाने वाले भारी व मध्यम वाहन सुभाष नगर, इनकम टैक्स आफिस तिराहा, केंद्रीय विद्यालय-एक, ईओडब्ल्यू दफ्तर, बीएसएनएल आफिस, प्रेस काम्प्लेक्स तिराहा का रास्ता अपनाएंगे। लौटने के दौरान भी इन वाहनों को इसी रास्ते से आना होगा।

### यहां भी रहेगा मार्ग परिवर्तित

गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच बन रहे जीजी फ्लाइओवर की गर्डर चढ़ाने का काम भी होना है। मानसरोवर कांप्लेक्स तिराहा से प्रगति चौराहा तक का मार्ग पर मंगलवार से 11 दिसंबर के बीच 13 दिन बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच डायवर्सन प्लान तैयार किया है। प्रगति पेट्रोल पंप से मानसरोवर तिराहा मार्ग बंद रहेगा। मानसरोवर तिराहा से प्रगति पंप या बोर्ड आफिस चौराहा की ओर जाने वाले सभी वाहन मानसरोवर तिराहा से सात नंबर मार्केट चौराहा, सरोजनी नायडू कन्या स्कूल तिराहा, पारुल अस्पताल होकर आवागमन कर सकेंगे। लौटने के लिए सभी वाहनों को इसी रास्ते का इस्तेमाल करना होगा।



प्रेस कांप्लेक्स तिराहा पर मेट्रो रेल लाइन का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य। • नवदुनिया